आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आज सुबह धरती पर वापस लौटे।
- क्यारी द्वारा आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन।
- विश्व होमियोपैथी दिवस के अवसर पर आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ।
- प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने राज्य लर्निंग सप्ताह का शुभारंभ किया।

<><><><><><><>

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आज सुबह स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर धरती पर वापस आ गए हैं। उनके स्पेसएक्स कैप्सूल ने पैराशूट से मेक्सिको की खाड़ी के लिए उड़ान भरी। फ्लोरिडा पैनहैंडल में तल्हासी के तट पर स्पलैश डाउन हुआ, जिससे दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की नौ महीने की कठिन परीक्षा समाप्त हो गई। इसके साथ ही अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स के क्रू–9 के साथ नासा के निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ अपनी यात्रा पूरी की। विल्मोर और विलियम्स पिछले साल जून से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे। दोनों ने अंतरिक्ष में दो सौ छियासी दिन बिताए, जो अनुमान से दो सौ अट्ठहत्तर दिन अधिक रहा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से कल सिप्पीघाट स्थित बागवानी फार्म में द्वीप एग्रो इको वॉक और गाराचरमा फार्म में दो दिवसीय किसान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने किया। इस दौरान कृषि एवं पशुपालन सचिव पल्लवी सरकार भी उपस्थित थी। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने क्यारी के प्रयासों की सराहना करते हुए क्यारी और स्थानीय विभागों के बीच अधिक सहयोग का आग्रह किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तकनीकी प्रगति किसानों तक पहुंचे और द्वीपों की आर्थिक विकास में सहायक हो।

इस अवसर पर क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी चाकुरकर ने अपने संबोधन में एग्रो इको वॉक पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराने में पर्यटन की भूमिका के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम का समन्वय संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक पूजा बोहरा ने किया। कार्यक्रम में करीब दो सौ पचास किसानों, कृषक महिलाओं और स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी के तत्वावधान में विश्व होमियोपैथी दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर आज आयोजित होगा। इसका उद्देश्य लोगों को होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर आयुष की चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनाबिका दत्ता ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत करते हुए कहा।

<><><><><><><>

प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने तेईस मार्च तक कर्मयोगी भारत और क्षमता निर्माण आयोग के सहयोग से अंडमान निकोबार केंद्रशासित प्रदेश के लिए राज्य लर्निंग सप्ताह का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया। आई टी सचिव ए एस पी एस रवि प्रकाश ने उपस्थिति को संबोधित किया। कर्मयोगी भारत के परियोजना प्रबंधक वी हेनरी अरोकिया राज ने राज्य लर्निंग सप्ताह के बारे में जानकारी दी। क्षमता निर्माण आयोग के अध्यक्ष आदिल जैनुलभाई ने सिविल सेवकों के लिए क्षमता निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने निर्णय किया है कि मतदाता पहचान–पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद तीन सौ छब्बीस और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, उन्नीस सौ पचास की विभिन्न धाराओं के प्रावधानों और सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के अनुरूप किया जाएगा। यह निर्णय कल नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में गृह मंत्रालय, विधायी विभाग के सचिवों और यू आई डी ए आई के सी ई ओ के साथ हुई बैठक में लिया गया। साथ ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों को कम करने के लिए चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि भविष्य में किसी भी मतदान केंद्र पर बारह सौ से अधिक मतदाता नहीं होंगे।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष एम. विनोद को अंडमान निकोबार तथा लक्षद्वीप द्वीपसमूह के लिए एसोसिएशन ऑफ बुद्धिस्ट टूर ऑपरेटर्स सलाहकार बोर्ड का राज्य प्रमुख नियुक्त किया गया है। श्री

विनोद को इन दो केंद्रशासित प्रदेशों में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा मानवता, शांति, पर्यटन, प्रकृति, आध्यात्मिकता और संस्कृति के लिए काम करने के मिशन के लिए नियुक्त किया गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

मुख्य सचिव ने द्वीप एग्रो–इको वॉक और किसान मेला–सह–प्रदर्शनी का उद्घाटन किया–द्वीप समाचार की बड़ी खबर है। अखबार ने इस खबर के अलावा मुख्य सचिव द्वारा कर्मयोगी भारत और क्षमता निर्माण आयोग के सहयोग से द्वीपों के लिए आयोजित राज्य शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ करने के समाचार को भी पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। द डेली टेलीग्राम्स ने सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के वैज्ञानिक अभियान ने छात्रों को हैम रेडियो की दुनिया से परिचित करवाने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने पुलिस द्वारा दूरस्थ एल ओ पी पर सौर पैनल स्थापित करने के समाचार को भीतर के पन्ने में जगह दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने एन्को फेस्ट स्पर्धा के आयोजन के समाचार को अपने अंतिम पन्ने में प्रकाशित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष ओलम्पिक पदक विजेता एथलीटों से मुलाकात करने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपने खेल पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>